पंजाब केसरी
20-11-2025



जी.एम.एन. कॉलेज के सभागार में आयोजित स्कॉलरशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

# जी.एम.एन. कॉलेज के सभागार में हुआ स्कॉलरशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम

अम्बाला, 19 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के सभागार में स्कॉलरशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन हुआ, जिसमें कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के नेतृत्व में एस.सी./बी.सी. से संबंधित छात्रवृत्ति योजनाओं पर चर्चा हुई।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य इन वर्गों के विद्यार्थियों को आर्थिक मदद प्रदान करना है, ताकि वे अपनी शिक्षा पूरी कर सकें और समाज में अपना योगदान दे सकें। आज के समय में जहां शिक्षा महंगी होती जा रही है, यह छात्रवृत्ति एक वरदान की तरह है, जो प्रतिभाशाली छात्रों को अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग करने का अवसर देती है। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त का छात्र-छात्राओं से संवाद करना अति रोचक रहा। कार्यक्रम में राममूर्ति, डॉ. सुमन, डॉ. अमित कुमार विशेष तौर पर उपस्थित रहे और मंच का संचालन डॉ. रवनीत कौर ने किया।